
विरोध | ग्रामीणों ने पेसा एक्ट के उल्लंघन का लगाया आरोप, ग्राम सभा की अनुमति के बिना भूमि आवंटन पर भड़के ग्रामीण

# जल संसाधन विभाग की भूमि आवंटन योजना का विरोध



**बीजाडांडी, नवभारत।** जनपद पंचायत बीजाडांडी के अंतर्गत ग्राम पंचायत बारंगदा माल में भूमि आवंटन के एक मामले ने तूल पकड़ लिया है। जिसमें खसरा नंबर 179, 184 और 197 की 34 एकड़, लगभग 13.24 हेक्टेयर शासकीय भूमि आवंटित किए जाने के प्रस्ताव पर ग्रामीणों ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। इस संबंध में ग्रामीणों ने नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर पूरी प्रक्रिया पर तत्काल स्थगन की मांग की है।

ग्रामीणों का आरोप है कि विभाग द्वारा इतने बड़े स्तर पर भूमि का आवंटन किया जा रहा है, लेकिन स्थानीय पंचायत और ग्राम सभा को विश्वास में नहीं लिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि संबंधित क्षेत्र पेसा एक्ट के अधीन आता है, जहाँ ग्राम सभा की सहमति अनिवार्य है। बिना किसी पूर्व सूचना या विस्तृत जानकारी के अनापत्ति प्रमाण पत्र की मांग करना नियमों के विरुद्ध है।

### ग्रामीणों ने की तीन प्रमुख मांग

ज्ञापन के माध्यम से ग्रामीणों ने प्रशासन के समक्ष अपनी तीन मुख्य मांगे रखी। ज्ञापन के माध्यम से ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल संसाधन विभाग यह स्पष्ट करे कि इस भूमि का उपयोग किस विशेष परियोजना के लिए किया जाना प्रस्तावित है। परियोजना के तहत किस प्रकार के निर्माण कार्य किए जाएंगे इसकी विस्तृत जानकारी ग्राम सभा को दी जाए एवं परियोजना से पर्यावरण पर क्या असर पड़ेगा जनता के लिए इसके क्या लाभ मिलेगा की जानकारी सार्वजनिक किया जाए।

### आंदोलन की दी चेतावनी

ग्रामीणों ने दो टूक शब्दों में कहा है कि जब तक विभाग के अधिकृत अधिकारी ग्राम सभा में उपस्थित होकर परियोजना के बारे में पारदर्शी तरीके से जानकारी नहीं देते, तब तक पंचायत द्वारा किसी भी प्रकार की एनओसी जारी नहीं की जाएगी। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने उनकी मांगों को अनदेखा किया, तो वे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। ज्ञापन सौंपते समय सरपंच, उप-सरपंच सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और पंच उपस्थित रहे।




# मौके पर हुआ जन समस्याओं का निराकरण

▸ पात्र हितग्राहियों को मिला सरकारी योजनाओं का लाभ

**नैनपुर।** शासन के निर्देशानुसार नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए चलाए जा रहे संकल्प से समाधान अभियान के तहत नैनपुर के वार्ड क्रमांक 8 में क्लस्टर शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य वार्ड भ्रमण के दौरान प्राप्त आवेदनों तथा लंबे समय से लंबित प्रकरणों का मौके पर ही निपटारा करना था।

शिविर में नगर पालिका के विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए, जहाँ नागरिकों की शिकायतों और मांगों को गंभीरता से सुना गया। कई आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया, जिससे वार्डवासियों को कार्यालयों के चक्कर काटने से मुक्ति मिली। साथ ही, विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित भी किया गया।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष कृष्णा पंजवानी, उपाध्यक्ष संजू लता वैष्णव, पार्षद करण इनवाती एवं साधना रंगारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रशासनिक अमले की ओर से मुख्य नगर पालिका अधिकारी लक्ष्मण सिंह सारस, पूर्व पार्षद जयंत रंगारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे, जिन्होंने विभागीय कार्यों का निष्पादन किया। वार्ड क्रमांक 8 के नागरिकों ने इस पहल की सराहना की है। शिविर में उमड़ी भीड़ और काम के त्वरित निष्पादन से जनता में संतोष और उत्साह का माहौल देखा गया। नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि संकल्प से समाधान अभियान का लक्ष्य हर पात्र व्यक्ति तक शासन की योजनाओं को पहुँचाना और उनके वार्ड स्तर के कार्यों को सुगम बनाना है।

# कॉलेज के युवाओं ने पेश की मानवता की मिसाल

▸ छात्रों ने उत्साह के साथ किया स्वैच्छिक रक्तदान




**अंजनिया।** शासकीय महाविद्यालय अंजनिया में मानवता की सेवा के संकल्प के साथ स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। रेड रिबन क्लब के तत्वावधान में आयोजित इस शिविर में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और रक्तदान, महादान के संदेश को चरितार्थ किया।

शिविर का विधिवत शुभारंभ महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य एवं रेड रिबन क्लब के प्रभारी डॉ. नवीन कुमार हरदहा द्वारा स्वयं रक्तदान करके किया गया। उनके इस कदम ने वहां उपस्थित विद्यार्थियों में भारी उत्साह भर दिया, जिसके बाद एक-एक कर अनेक छात्र-छात्राओं ने इस पुनीत कार्य में अपना योगदान दिया।

### इन युवाओं ने निभाई सहभागिता

रक्तदान करने वाले स्वयंसेवकों में सुयोग पटेल, पूर्णिमा झारिया, नारायण साहू, प्रद्युम्न जंघेला, पियूष पटेल, मयंक धुर्वे, आकाश पाण्डे, अभिषेक धुर्वे, उज्जवल मार्को, अमय मरावी एवं प्रवीण चन्देल शामिल रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. घनश्याम झारिया, डॉ. विजय मौर्य, डॉ. सुरेन्द्र कुमार लिटोरे, डॉ. प्रशांत कुमार यादव, डॉ. गरिमा छाबड़ा, संदीप चौसिया एवं संतोष नंदा का योगदान रहा। महाविद्यालय परिवार ने इस अवसर पर समाज के अन्य युवाओं से भी रक्तदान जैसे नेक कार्यों में सहभागी बनने की अपील की।

# रोमांचक फाइनल मुकाबले में मछरिया बनी विजेता, सुरंगदेवरी रही उपविजेता

▸ क्रिकेट टूर्नामेंट के समापन पर ललित नारायण मिश्रा ने विजेता खिलाड़ियों को किया पुरस्कृत

**सुरंगदेवरी।** ग्राम सुरंगदेवरी में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन सिद्धेश्वर स्पोर्ट क्लब के तत्वावधान में अजित सैयाम द्वारा आयोजित किया गया। फाइनल मैच के अवसर पर मुख्य अतिथि सिद्धेश्वर धाम, सुरंगदेवरी के पंडित ललित नारायण मिश्रा विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल भावना की सराहना की और फाइनल मुकाबले का टॉस कराया और मछरिया ने टॉस जीता और फाइनल मुकाबले की शुरूआत की गई।




टूर्नामेंट का खिताबी मुकाबला ग्राम मछरिया और सुरंगदेवरी सिद्धेश्वर टीम के बीच खेला गया। दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली, जिसमें शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए ग्राम मछरिया की टीम ने खिताबी जीत दर्ज की। वहीं घरेलू मैदान पर खेलते हुए सुरंगदेवरी की टीम उपविजेता रही। इसके साथ ही क्रिकेट प्रतियोगिता की पूरी सीरिज में बेस्ट बल्लेबाज का खिताब दीपक कुड़ापे रहे। वहीं फाइनल मुकाबले में बेस्ट बोलर और बेस्ट बल्लेबाज तुलाराम उइके रहे। आयोजकों ने बताया कि दीपक ने पूरे टूर्नामेंट में अच्छी बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया। मैच के समापन के बाद आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि पंडित ललित नारायण मिश्रा ने विजेता और उपविजेता टीम के सभी खिलाड़ियों को ट्रॉफी और पुरस्कार प्रदान किए।

### अनुशासन को बढ़ावा देता है खेल

उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास के लिए जरूरी हैं, बल्कि यह आपसी भाईचारे और अनुशासन को भी बढ़ावा देते हैं। पंडित ललित नारायण मिश्रा ने सभी युवा खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें खेल के क्षेत्र में और आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान बड़ी संख्या में खेल प्रेमी और ग्रामीणजन उपस्थित रहे, जिन्होंने खिलाड़ियों का तालियों के साथ उत्साहवर्धन किया।

# संदिग्ध परिस्थितियों में छत से गिरी युवती की मौत

▸ सैनिक सोसायटी का मामला, छानबीन में जुटी पुलिस



**नवभारत, जबलपुर।** खमरिया थाना अंतर्गत सैनिक सोसायटी में संदिग्ध परिस्थितियों में छत से नीचे गिरी युवती ने रविवार तड़के मेडिकल कॉलेज में दम तोड़ दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार रांझी स्थित बड़ा पत्थर क्षेत्र की निवासी कु. मानसी शुक्ला (23) बीती 17 फरवरी को सैनिक सोसायटी स्थित अपनी बहन के घर आई हुई थी। दोपहर करीब 12:30 बजे मानसी अचानक छत से नीचे गिर गई, जिससे उसे सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। हादसे के तुरंत बाद परिजन उसे लेकर निजी हॉस्पिटल पहुंचे, जहाँ दोपहर करीब 1 बजे उसे भर्ती कराया गया। 19 फरवरी की रात लगभग 10 बजे मानसी के जीजा ओम यामिनी उसे नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज ले गए। चिकित्सकों के तमाम प्रयासों के बावजूद युवती की स्थिति में सुधार नहीं हुआ और रात लगभग 3:50 बजे उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मेडिकल कॉलेज से मिली सूचना के आधार पर खमरिया पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि युवती छत से किन परिस्थितियों में गिरी। इसके अलावा अन्य बिन्दुओं पर भी जांच पड़ताल चल रही है। पुलिस का कहना है कि विस्तृत जांच, कॉलोनिवासी और परिजनों के बयान दर्ज होना बाकी है इसके बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि मृतिका ने आत्महत्या है या वे किसी हादसे का शिकार हुई। हत्या की भी आशंका जाहिर की जा रही है फिलहाल पुलिस हर एंगल पर छानबीन कर रही है जांच के बाद जो तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

### इधर छत से गिरी किशोरी की मौत

बेलबाग थाना अंतर्गत बाई का बगीचा क्षेत्र में घर की छत से गिरने से एक 15 वर्षीय किशोरी की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कु. हंसिका वर्मा पिता हितेश वर्मा (15) निवासी बाई का बगीचा, घमापुर बीती रात लगभग 8 बजे अपने घर की छत पर थी। अचानक पैर फिसलने या संतुलन बिगड़ने के कारण वह नीचे गिर गई। हादसे में हंसिका के कान और नाक में गंभीर चोटें आईं। परिजनों द्वारा उसे तत्काल गंभीर अवस्था में निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। रात लगभग 11:37 बजे हंसिका की इलाज के दौरान मौत हो गई। रविवार सुबह अस्पताल की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

## दो पक्ष भिड़े, चले धारदार हथियार, डंडे, दो घायल

जबलपुर। भेड़ाघाट थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश पर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर धारदार हथियार, डंडे से हमला कर दिया। जिसमें दो लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक रविवार शाम भूरा उर्फमहेन्द्र चौधरी 25 वर्ष निवासी ग्राम राजा बरखेड़ा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि दोपहर लगभग 3 बजे अपने बड़े भाई सतेन्द्र चौधरी के साथ अपने घर जा रहा था तभी गांव में हाईस्कूल के सामने रास्ते में उसे सूरज गौंड़ मिला जिससे उसकी पुरानी बुराई चल रही है उसी बात को लेकर सूरज विवाद करने लगा और धारदार हथियार से हमलाकर उसकी कलाई में चोट पहुँचा दी एवं जान से मारने की धमकी दिया। वहीं सूरज ठाकुर 24 वर्ष निवासी ग्राम राजा बरखेड़ा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि भूरा उर्फमहेन्द्र चौधरी और सतेन्द्र चौधरी पुरानी बात को कर उससे विवाद करने लगे। सतेन्द्र ने उसे पकड़ लिया और भूरा ने डंडा से हमलाकर दाहिने आंख के ऊपर चोट पहुंचा दी।

# स्कूलों में पानी की टंकियों की हुई सफाई

छात्रों को अब मिलेगा शुद्ध पेयजल, सफाई की तारीख भी अंकित




**नवभारत, जबलपुर।** जिले की सभी शालाओं में पानी की टंकियों की सफाई का कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। यह कदम छात्रों को स्वच्छ और शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए उठाया गया है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि जिले की सभी शालाओं में पानी की टंकियों की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए। जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी ने बताया कि प्रत्येक स्कूल की पानी की टंकी की सफाई के बाद सफाई की तारीख भी अंकित कर दी गई है।

### अधिकारियों और स्रोत समन्वयकों को दिये निर्देश

इसके अलावा, विकासखंड शिक्षा अधिकारियों और विकासखंड स्रोत समन्वयकों से प्रमाण पत्र प्राप्त कर लिए गए हैं कि उनके क्षेत्र की सभी शालाओं में सफाई का कार्य पूर्ण हुआ है। श्री सोनी ने आगे कहा कि अब विकासखंड शिक्षा अधिकारियों और स्रोत समन्वयकों को निर्देश दिए गए हैं कि पानी की टंकियों की नियमित सफाई जारी रखी जाए, ताकि बच्चों को हमेशा स्वच्छ पानी उपलब्ध हो।



अनोखी पहल | कर्तव्य की चमक के आगे फीकी पड़ी शादी की रौनक, सफाई करते सड़क पर दिखीं मोना

# बिदाई के बाद सीधे 'बीट' पर पहुंचीं स्वच्छता दीदी

**नवभारत, जबलपुर।** कहते हैं कि जब इरादों में मजबूती और काम के प्रति समर्पण हो, तो थकान भी आड़े नहीं आती। कुछ ऐसा ही नजारा शहर में सुबह की सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान देखने को मिला, जिसने न केवल निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार का दिल जीत लिया, बल्कि पूरे शहर के लिए एक सकारात्मक संदेश भी दिया। रोजाना की तरह निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार शहर की स्वच्छता व्यवस्था का जायजा लेने सड़कों पर निकले थे। इसी दौरान उनकी नजर एक महिला सफाई मित्र पर पड़ी जो पूरी तन्मयता से सड़क साफ कर रही थीं। खास बात यह थी कि वे अपनी नियमित ड्रेस में नहीं थीं। जब निगमायुक्त ने रुककर उनसे चर्चा की और ड्रेस के बारे में पूछा, तो जो जवाब मिला उसने सबको गौरवान्वित कर दिया।

### शादी से सीधे आई थी काम पर

स्वच्छता नायिका मोना दीदी ने बेहद सादगी से बताया कि वे रात भर एक शादी समारोह में व्यस्त थीं। जैसे ही वहां से फ्री हुईं, घर जाकर आराम करने के बजाय उन्होंने अपने कर्तव्य को प्रधानता दी और सीधे अपनी 'बीट' पर सफाई के लिए पहुंच गईं। उनके पास वर्दी बदलने का भी समय नहीं था, क्योंकि उनके लिए शहर को साफ रखना पहली प्राथमिकता थी।

निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने बताया कि सफाई के प्रति ऐसा जुनून ही हमारे शहर को नंबर वन बनाएगा। मोना दीदी जैसी कर्मठ नायिकाएं समाज के लिए असली प्रेरणा हैं जो 'कर्म ही पूजा है' की परंपरा को चरितार्थ कर रही हैं। निगमायुक्त ने मोना दीदी की मेहनत और समर्पण देखकर सराहना की और अन्य लोगों को भी इसी जुनून के साथ शहरहित में काम करने की प्रेरणा दी।

# नप के संपत्ति कर के नोटिस से मची खलबली

▸ भारी-भरकम बकाया राशि की सूचना से नागरिकों में आक्रोश




**चिल्हारी नवभारत।** जिले के मानपुर नगर परिषद क्षेत्र में इन दिनों संपत्ति कर के भारी-भरकम बकाया राशि संबंधी मोबाइल संदेशों ने नागरिकों में खलबली मचा दी है।

नगरीय विकास एवं आवास विभाग की ओर से भेजे जा रहे इन संदेशों में दर्शाई गई रकम लोगों के होश उड़ा रही है। कई नागरिकों को 2 लाख, 7 लाख से लेकर 10 लाख रुपये से अधिक की बकाया राशि जमा करने के नोटिस प्राप्त हुए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जितनी राशि कर के रूप में बताई जा रही है, उतने मूल्य की संपत्ति ही उनके पास नहीं है। अचानक इतने बड़े कर की मांग से आम नागरिकों में आक्रोश और असमंजस की स्थिति बन गई है।

### मूलभूत सुविधाओं का टोटा

नागरिकों ने आरोप लगाया कि नगर परिषद गठन के बाद अपेक्षित मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई गई, जबकि करों का बोझ लगातार बढ़ाया जा रहा है। उनका कहना है कि क्षेत्र में न तो स्वच्छ पेयजल की समुचित व्यवस्था है और न ही नियमित सफाई व प्रकाश का कोई इंतजाम सुनिश्चित है। विकास के नाम पर मुख्य बाजार क्षेत्र मे कुछ बड़े डिस्प्ले बोर्ड और हाईमास्ट लाइटें लगाई गई हैं, जबकि अधिकांश वार्डों की स्थिति बदहाल बनी हुई है।

### विपक्षी पार्षदों ने जताई आपत्ति

अनियमित और कथित रूप से अत्यधिक संपत्ति कर निर्धारण को लेकर विपक्षी पार्षदों ने कड़ी आपत्ति जताई है। कांग्रेस पार्षद उर्वशी द्विवेदी ने नगर परिषद से तत्काल मामले की जांच कर युक्तिसंगत एवं न्यूनतम कर निर्धारण की मांग की है। उन्होंने कहा कि मानपुर क्षेत्र मे बड़ी आबादी गरीबों और पिछडों की है। यहां रोजगार के साधन बेहद कम है। ऐसे मे जनता पर इस तरह से टैक्स लगाना अनुचित है। जिस पर गंभीरता से विचार होना चाहिये।

### इनका कहना है

कुछ समय पहले एक एजेन्सी द्वारा नगरीय क्षेत्र अंतर्गत घर-घर जाकर जीआईएस सर्वे किये गये थे। ऐसा लगता है कि सर्वे में एरिया अधिक फीड किये जाने से यह स्थिति निर्मित हुई है। उसी आधार पर कम्प्यूटर जनरेटेड मैसेज मोबाइल पर आ रहे हैं। इस पूरे मामले की जांच के आदेश दिये गये हैं।

**भारती सतीश सोनी, अध्यक्ष, नगर परिषद मानपुर**

# समर्थन मूल्य पर होगी चना-मसूर की खरीद

▸ किसान 16 मार्च तक कर सकते हैं ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन

**उमरिया।** रबी सीजन 2025-26 के तहत अपनी मेहनत की फसल चना और मसूर को सरकारी समर्थन मूल्य पर बेचने के लिए रणभेरी बज चुकी है। भारत सरकार की प्राईस सपोर्ट स्कीम के अंतर्गत पंजीयन की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

कृषि उपसंचालक संग्राम सिंह ने साफ कर दिया है कि यदि किसान शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभउठाना चाहते हैं, तो उन्हें 16 मार्च की डेडलाइन से पहले हर हाल में अपना पंजीयन कराना होगा। प्रशासन ने इस बार किसानों की सुविधा के लिए पंजीयन व्यवस्था को बेहद सुगम और पारदर्शी बनाया है। अब किसानों को चिलचिलाती धूप में लंबी कतारों में लगने की जरूरत नहीं है। जिले भर में निःशुल्क और सशुल्क केंद्रों का जाल बिछा दिया गया है, ताकि हर गांव का किसान आसानी से अपनी फसल दर्ज करा सके। ग्राम पंचायत और जनपद पंचायत कार्यालयों के सुविधा केंद्र, तहसील कार्यालयों में स्थापित विशेष डेस्क, सहकारी समितियों और विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित अधिकृत केंद्र। यदि आप अपने घर के पास पंजीयन चाहते हैं, तो एमपी ऑनलाइन कियोस्क, सीएससी सेंटर, लोक सेवा केंद्र या निजी साइबर कैफे पर जाकर भी यह कार्य पूर्ण करा सकते हैं।

**इन दस्तावेजों के बिना नहीं होगा काम**-पंजीयन केंद्रों पर जाने से पहले किसान यह सुनिश्चित कर लें कि उनके पास आधार कार्ड, बैंक पासबुक की फोटोकॉपी और भूमि संबंधी वैध दस्तावेज मौजूद हैं। बिना पूर्ण दस्तावेजों के ई-उपार्जन पोर्टल पर एंट्री संभव नहीं होगी।

**अंतिम तिथि का नहीं करें इंतजार**-कृषि विभाग ने दो टूक शब्दों में चेतावनी दी है कि अंतिम समय में सर्वर डाउन होने या तकनीकी खामियों की वजह से कई किसान पंजीयन से वंचित रह जाते हैं। उपसंचालक संग्राम सिंह ने जिले के समस्त कृषकों से अपील की है कि वे 16 मार्च का इंतजार नहीं करें।